



# रामनवमी शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन

## विधायक ने की भगवान रामलला की पूजा-अर्चना



**सिलवानी, 28 मार्च. राम नवमी के पावन अवसर पर शनिवार को सिलवानी नगर पूरी तरह राममय हो गया. भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में आस्था, उत्साह और भक्ति का संगम देखने को मिला. हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा नगर जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान रहा.**

शोभायात्रा की शुरुआत नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर से विधिवत पूजन अर्चना के साथ हुई. कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर तिलक लगाकर दीप प्रज्ज्वलित किया और आरती उतारकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की.

इसके पश्चात शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों बड़ी मस्जिद बुधवार बाजार, होली चौक होते हुए बजरंग चौराहा तक निकाली गई. मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम का भव्य स्वागत किया गया. विधायक देवेंद्र पटेल ने भी चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया.

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सुसज्जित रथों पर सजी भगवान श्रीराम, माता सीता लक्ष्मण एवं हनुमान जी की जीवंत झांकियां रहीं. बाल कलाकारों द्वारा इन पात्रों का सजीव अभिनय प्रस्तुत किया गया जिसने दर्शकों का मन मोह लिया. रथों पर विराजमान साधु-संतों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया. इसके अलावा घोड़ों का आकर्षक नृत्य भी लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा.

पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा. शोभायात्रा में हिंदू उत्सव समिति, रघुवंशी समाज सनातन समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही.



## उदयपुरा में निकला जवारों का विसर्जन चल समारोह

**उदयपुरा, 28 मार्च.** चैत्र नवरात्रि में नगर के अनेक स्थानों पर रखे गए मातारानी के जवारों का विसर्जन चल समारोह धूमधाम से निकला. जवारों का विसर्जन निकटवर्ती नर्मदा घाट बौरास में किया गया. स्थानीय कालिका मंदिर, शक्ति मंदिर सहित अन्य अनेक स्थानों पर जवारे रखे गए थे. चल समारोह में हाथ में जलता हुआ खप्पर लिए हुए काली का स्वरूप बनाए भक्त में साक्षात काली का रूप दिखाई दे रहा था.

## हनुमान जयंती पर होगी भजनों की प्रस्तुति

**उदयपुरा, 28 मार्च.** नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्ध खेरापति हनुमान मंदिर तलापुरा पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. एक अप्रैल की रात्रि में बुंदेलखंड लोकगीत कलाकार देशराज नरवरिया एवं लोकगीत कलाकार गीता राजपूत की टीम द्वारा जबावी राई लोकनृत्य एवं धार्मिक लोकभजनों की प्रस्तुति दी जाएगी. मंदिर की आकर्षक बिजली सजावट और हनुमानजी महाराज की मूर्ति का चांदी के वर्क से श्रृंगार किया जाएगा. चोला चढ़ाकर भोग लगाया जायेगा. रात्रि जागरण के साथ ब्रह्म मुहूर्त में प्रात:काल पांच बजे हनुमानजी महाराज की महाआरती होगी. इसके बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम चालू हो जायेगा. आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.

## रामनवमी पर मंडीदीप में निकली शोभायात्रा

**मंडीदीप, 28 मार्च.** रामनवमी के अवसार पर उद्योग नगरी में शोभायात्रा निकाली गई. नगर के वार्ड 23 गज्जू पिपलिया के राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया. इसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. इसमें भगवान श्री राम की झांकी मुख्य रूप से आकर्षक का केंद्र रही. शोभायात्रा में हनुमान जी की भव्य प्रतिमा शामिल थी. नगर में अलग-अलग स्थानों पर फूल वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया. लगातार सातवें वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शोभा यात्रा में भजन एवं कीर्तन हुए. बाबा बटेश्वर भक्त मंडल भोपाल ने अपनी भक्ति एवं समर्पण से यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की. इस दौरान मंडीदीप पुलिस का बल मुस्तैद नजर आया. शोभा यात्रा के प्रमुख मार्गों में पुलिस तैनात रही.

### एक नजर में

## 5वीं और 8वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत





**बाड़ी, 28 मार्च.** साईं ज्ञान मंदिर हाई स्कूल बाड़ी में कक्षा 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया. कक्षा 8वीं में सभी 38 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. सागर अहिरवार 92.16% अंक प्राप्त कर प्रथम, शिखा ठाकुर ने 91% अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया. आत्मिक विदुआ ने 90.33% अंक प्राप्त किए. कक्षा पांचवीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा, जिसमें कुल 36 छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए. दिव्या लोधी ने 89% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. अवनी शर्मा ने 88% अंक प्राप्त किए. विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल की प्राचाय नेहा विदुआ एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को बधाई दी है.

## कनिका को 8वीं में मिला पहला स्थान



**बाड़ी, 28 मार्च.** स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्साहजनक रहा. कक्षा 8वीं में कनिका अहिरवार ने 87.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. 5वीं में मोनिका वंशकार ने 88% अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. कक्षा 8वीं में कनिका अहिरवार, अभिजीत वंशकार, आरती प्रजापति, नित्या ठाकुर और श्रीजीत गौर ने 'ए-प्लस' ग्रेड हासिल किया. कक्षा 5वीं में मोनिका वंशकार, आरोही मीना, डिंपल साहू, गोविंद कुशवाहा और निकिता उइके ने 'ए-प्लस' ग्रेड प्राप्त की. छात्रों ने सफलता का श्रेय प्राचार्य सुमन तिवारी, प्राथमिक प्रधान अध्यापक राधेलाल चौहान एवं माध्यमिक प्रधान अध्यापक शोभाराम रघुवंशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों को दिया गया है।

## उत्पात कर रहे युवक को किया गिरफ्तार



**सलामतपुर, 28 मार्च.** सलामतपुर थाने के सुनारी रोड पर उत्पात मचा रहे युवक को ग्रामीणों की सूचना पर सलामतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. युवक पर धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया गया है. थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सलामतपुर के सुनारी रोड पर रोहित नायक पिता जगदीश नायक (31 वर्ष) निवासी गुरुद्वारा के पास दीवानगंज गांव की शांति भंग कर उत्पात मचा रहा था. परेशान होकर ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी. सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने तत्काल थाने से पुलिस बल सुनारी रोड पर भेजा. जहां पर रोहित नायक उत्पात कर लड़ाई- झगड़ा करते हुए मिल गया. पुलिस रोहित को गिरफ्तार कर थाने ले आई. और उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई करते हुए सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश कर दिया है.




## पानी बचाने के लिए किया प्रेरित

**बेगमगंज, 28 मार्च.** विकासखंड के पिपलिया बरई गांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपलिया बरई एवं नवांकुर संस्था सेक्टर 2 तुलसीपुर के सहयोग से जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के लिए बैठक जन अभियान परिषद् की विकासखंड समन्वयक हेमलता नरवरिया के मार्गदर्शन में हुई. कार्यक्रम के दौरान प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अमित शर्मा ने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत सभी गतिविधियों से अवगत कराते हुए पानी बचाने हेतु प्रेरित किया.

उपस्थित सभी महिलाओं एवं समिति सदस्यों ने जल संरक्षण की शपथ ली. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से सचिव जयदीप श्रीधर, नवांकुर संस्था सेक्टर 2 तुलसीपुर प्रतिनिधि भवानी पटेल, सदस्य आर्यन श्रीधर, सुशील श्रीधर, पंच रेखाबाई लोधी, शिक्षक आरएस पटेल, सुधीश पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अरुणलता श्रीधर, सहायिका आयुषी राजपूत, नवांकुर सखी कुसुम वाई, सृष्टि श्रीधर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे.

## दीवानगंज में दो माह से लावारिस पड़ी है कार

**सलामतपुर, 28 मार्च.** सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवानगंज फैक्ट्री चौराहे पर 6 फरवरी को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 3 पलटी खाकर सड़क से नीचे जाकर पलट गई थी. घटना के दो महीने बाद भी काले रंग की मारुति सियाज कार अभी भी लावारिस हालात में मौके पर ही पड़ी हुई है. जिसकी वजह से मामला संदिग्ध होने की आशंका जताई जा रही है. स्थानीय रहवासी भी कार चोरी वगैरह की होने की आशंका जता रहे हैं. वहीं कार में से सामान भी चोरी होने लगा है. कार पलटने की घटना पास में ही स्थित दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई थी. और कार में बैठे 4 युवकों में से तीन युवक मौके से भाग गए थे. और चालक गेट नही खुलने की वजह से वाहन में ही फंस गया था.



## विधायक को दिया सामूहिक विवाह सम्मेलन का आमंत्रण

**सिलवानी 28 मार्च. जिला साहू समाज रायसेन (मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा) के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन इस वर्ष 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राम खैरी जयपुरा में आयोजित किया जाएगा.**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं. इसी क्रम में जिला साहू समाज समिति रायसेन के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल से मुलाकात कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने हेतु आमंत्रण सौंपा. इस अवसर पर रेवाराम साहू तहसील अध्यक्ष, बम्हौरी, शिव कुमार साहू युवा जिलाध्यक्ष, गोविंद साहू तहसील उपाध्यक्ष एवं जगदीश प्रसाद साहू सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे.

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक हुए घायल

## भोपाल-विदिशा हाइवे पर बेरखेड़ी चौराहे के पास हुआ हादसा

**सलामतपुर, 28 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर बेरखेड़ी चौराहा के पास कौंसाखेड़ी जोड़ पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई. इस सड़क हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से एक घायल युवक को तत्काल निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया.**



वहीं दूसरे घायल, जो रायसेन निवासी पप्पू बताए जा रहे हैं, को 108 एंबुलेंस की मदद से सांची सिविल अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल पप्पू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया. सूचना मिलते ही सलामतपुर पुलिस की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची गौरतलब है कि हाइवे-18 पर यातायात का बहुत अधिक दबाब हो गया है. यहां से प्रतिदिन दस से पंद्रह हजार छोटे-बड़े वाहन निकल रहे हैं. वाहनों की अधिक संख्या के हिसाब से सड़क बहुत सकरी है. जिसे स्थानीय रहवासियों ने 4 लेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है.

**तिराहे पर हादसो की आशंका:** रायसेन जिले के भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहा के पास कोसाखेड़ी खामखेड़ा जोड़ पर ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि खामखेड़ा तिराहे पर न तो कोई संकेतक बोर्ड है और न ही स्पीड ब्रेकर, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. ग्रामीणों के अनुसार खामखेड़ा तरफ से आने वाले वाहन सीधे हाइवे-18 पर चढ़ जाते हैं, जबकि भोपाल या विदिशा दिशा से आने वाले वाहन चालकों को तिराहा समझ ही नहीं आता. दृश्यता और संकेतों की कमी के चलते कई बार वाहन टकराव की स्थिति बन जाती है. लोगों ने प्रशासन से तुरंत सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की है. तिराहे पर स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएं या फिर स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित की जाए, ताकि इस तिराहा पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके.

### इनका कहना है

शनिवार दोपहर के समय बेरखेड़ी चौराहे के पास 2 बाइकों की टक्कर में 2 लोग घायल हो गए. जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है. मामले की जांच की जा रही है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी, सलामतपुर.



## अपराधों पर नियंत्रण रखें : आईजी

**बेगमगंज, 28 मार्च. चैत्रनवरात्र एवं श्रीराम नवमी त्यौहार के मद्देनजर नर्मदापुरम रेंज आईजी मिथलेश कुमार शुक्ला एवं डीआईजी प्रशांत खरे ने रेंज के विभिन्न थाना क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया.**

बेगमगंज क्षेत्र के निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारियों द्वारा एसडीओपी सोनाली गुप्ता एवं थाना प्रभारी राजीव उइके सहित पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर आईजी मिथलेश शुक्ला ने क्षेत्र में अमन-शांति व्यवस्था के साथ असामाजिकतत्वों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश देते हुए अपराधों की समीक्षा की. उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि कानून व्यवस्था पुख्ता रहे ओर अपराधों पर पूरी तरह नियंत्रण इसके लिए विशेष निगरानी रखे. असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल रहे. उन्होंने वर्तमान में पुलिस की अच्छी कार्यप्रणाली ओर अपराधों पर अंकुश के लिए एसडीओपी सोनाली गुप्ता एव थानाप्रभारी राजीव उइके की प्रशंसा करते हुए शाबासी दी.

**कार्यक्रम** रायसेन में शिविर एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन

# हर व्यक्ति तक न्याय पहुंचना चाहिए : सोहाने

**रायसेन, 28 मार्च. जिला न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणन द्वारा आयोजित मेगा लीगल आउटरीच एंड अवेयरनेस कैंप एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने शुभारंभ किया.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने ने कहा कि न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना चाहिए. विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक नि:शुल्क एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तभी सार्थक है, जब उसकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अपने में कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नागरिकों को कानून की जानकारी होना भी अत्यंत आवश्यक है. कार्यक्रम में कमलेश कुमार इटावदिया, तृतीय जिला न्यायाधीश सचिन जैन, प्रथम जिला न्यायाधीश, अनीस उद्दीन अब्बासी जिला विधिक सहायता अधिकारी, जीएस मेहन्देले श्रम पदाधिकारी, विनोद भोसले जिला समन्वयक आदिम जाति कल्याण, अजय सक्सेना चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, आनंद नेमा ब्लाक समन्वयक जन अभियान परिषद, एच.बी. सेन संचालक केएसएस, अतुल जाट उत्कर्ष नशा मुक्ति केंद्र सांची ने भी विचार व्यक्त किए.



## विधायक ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**बम्होरी, 28 मार्च.** ग्राम कुण्डाली में शनिवार को आयोजित गंगाजली पूजन कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान विधायक पटेल ने रेवाराम लोधी एवं जसवंत लोधी के भाई स्वर्गीय मनीराम कुकरैया के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कुकरैया परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं. विधायक पटेल ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं.

# दुर्घटना के बाद ट्रक से 12 बोरी गेहूं चोरी

### स्कॉर्पियो में गेहूं की बोरी भरकर ले गए

**सलामतपुर, 28 मार्च. दो दिन पहले बेरखेड़ी चौराहे के पास हुए ट्रक-कार एक्सीडेंट के मामले में नया मोड़ आ गया है. गेंहू से भरे हुए ट्रक ने जिस नेक्सन कार एमपी11 सीसी 6414 में टक्कर मारी थी. उसको चलाने वाले तीन से चार युवक उनकी दूसरी स्कॉर्पियो कार में गेंहू से भरे हुए ट्रक से 12 बोरी गेंहू चुरा कर ले गए हैं.**

चोरी गए गेंहू की कीमत लगभग बीस हजार रुपये बताई जा रही है. चोरी की पूरी वारदात नज़दीकी होटल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है. इन्हीं फुटेज की मदद से सलामतपुर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है. इनकी तलाश के लिए पुलिस की 2 टीम बनाई गई हैं. एक टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी खुद कर रहे हैं. पुलिस ने इस मामले में तीन से चार अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है.

### गेहूं विदिशा से इंदौर ले जा रहा था ट्रक

ट्रक एमपी09 एचएच 8147 में विदिशा के प्योर ईट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के संचालक राहुल अग्रवाल ने लगभग 9 लाख रुपए कीमत का 530 बोरी गेंहू एबी रोड डगचिया इंदौर की अरमानिया कंपनी के लिए लोड किया गया था. 2 दिन पहले ट्रक चालक रंछोड़ चौहान ने ट्रक से एक नेक्सन कार में टक्कर मार दी थी. जिसकी वजह से कार सवार 3 -4 युवक तो बाल-बाल बच गए थे. लेकिन उनकी कार पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई थी. बताया जा रहा है कि इन्हीं युवकों ने पीछे आ रही उनकी दूसरी स्कॉर्पियो कार में ट्रक से तिरपाल हटाकर 12 गेंहू की बोरियां चोरी कर ली और कार में भरकर मौके से फरार हो गए.

### इनका कहना है.

एक्सीडेंट वाली घटना के बाद ट्रक से 12 गेंहू की बोरियां चोरी की गईं हैं. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है. कुछ इनपुट मिले हैं. जिसके आधार पर आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर.